(Pages : 4)

M – 2480

Reg. No. : .....

Name : .....



Second Semester B.Com. Degree Examination, December 2021

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course : Additional Language – Hindi

HN 1211.2 – HINDI KAVITA, ANUVAD AUR PARIBHASHIK SABDAVALI

(2020 Admission Regular)

Time : 3 Hours

Max. Marks : 80

I. निर्देश : एक वाक्य या दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

1. कबीर दास किस धारा के कवि थे?
2. 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है?
3. बिहारी की कीर्ति का एकमात्र आधार ग्रन्थ का नाम लिखिए।
4. जयशंकर प्रसाद की आरंभिक काव्य रचनाएँ किस भाषा में है?
5. निराला द्वारा संपादित पत्रिका का नाम लिखिए।
6. दिनकर के ज्ञानपिठ पुरस्कार से सम्मानित कृति का नाम क्या है?
7. कीर्ति चौधरी की कविता किस समक में संगृहीत है?
8. गोरख पांडे के किसी एक कविता संग्रह का नाम लिखिए।
9. 'Auditor' के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द लिखिए।
10. 'निदेशक' के लिए प्रयुक्त अंग्रेजी शब्द लिखिए।

(10 × 1 = 10 Marks)

P.T.O.

II. किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर करीब 50 शब्दों में लिखिए।

11. नाविक से प्रसादजी क्या क्या कामना करते है?

12. "जाके मुख माथा नाहि, नाहि रूप कुरूप।

पुहुप बास ने पातरा, ऐसा तत अनूप"।। – अर्थ समझाईए।

13. "दुर्लभ मानुष जन्म है,देह न बारम्बार।

तरुवर ज्यों पत्ता झडै, बहुरि न लागे डार"।। – अर्थ समझाईए।

14. कबीर के कवित्व के महत्त्व पर विचार कीजिये।

15. सूरदास ने गोकुल वासियों के कृष्ण विरह का वर्णन किस प्रकार किया है?

16. बिहारी की काव्य भाषा की विशेषता क्या है?

17. बिहारी मनुष्य और नल के पानी की दशा समान मानते है। क्यों?

18. कवि जयशंकर प्रसाद का परिचय दीजिए।

19. 'ले चल वहां भुलावा देकर' कविता लिखने की प्रेरणा क्या थी?

20. कवि निराला की कविताओं का परिचय दीजिए।

21. आधुनिक हिंदी साहित्य में किर्ति चौधरी का स्थान निर्धारित कीजिए।

22. एकलव्य कौन थे? कविता में उसे किस प्रकार चित्रित किया है?

23. गोरख पांडे किस विचारधारा से प्रभावित कवि थे? समाज के सम्बन्ध में उनका दृष्टिकोण क्या था?

24. 'Application may be rejected' हिंदी में अनुवाद कीजिये।

25. 'नीचे लिखे ब्योरों के अनुसार' – अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

26. 'Carried forward' – हिंदी में अनुवाद कीजिये।

(8 × 2 = 16 Marks)

III. निर्देश : किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।

(प्रत्येक खण्ड से एक एक सवाल का उत्तर अनिवार्य है।)

खण्ड – क

27. सूरदास के पदों की विशेषता क्या है?

28. 'ले चल वहां भुलावा देकर' कविता का महत्व समझाईए।

29. कबीर की भक्ति भावना की विशेषताओं पर विचार कीजिए।

30. बिहारी की कविता में चित्रित राधा के स्वरूप का चित्रण कीजिए।

खण्ड – ख

हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

31. Consumer, Sanction, Hostel, Amendment.

32. Export, Invoice, Exchange, Balance Sheet.

अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

33. कार्यसूची, आयकर विभाग, पदोन्नति, अनुदान

34. अभिलेख, उच्चन्यायालय, रोकड़, परिचालन

खण्ड – ग

हिंदी में अनुवाद कीजिए।

35. Tea has become very popular. In almost every home in a city or a town you find people taking tea at breakfast. Whenever you go to a friend, he offers you a cup of tea. The habit of drinking tea is ever on the increase, but very few people know how to prepare good tea. To prepare good and tasty tea, is an art and this has to be learned and practiced.

(Popular = लोकप्रिय, Almost = प्राय , Habit = आदत)

36. Travelling is an essential part of education. Through the books we read, we get only theoretical knowledge. We come to know of different people with different manners and customs. We can see their mode of living and dress. We can hear their different languages. Travelling develops our knowledge and outlook.

(Theoretical = सैद्धान्तिक, Custom = आचार, Outlook = दृष्टिकोण)

37. समाज का जीवंत इतिहास साहित्य है। समाज की अनुभूतियाँ और उसका संघर्ष भी साहित्य है। समाज से परे साहित्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। साहित्य विश्व का रूप भी है और सतजीवन की स्थापना का माध्यम भी। साहित्य भूत, वर्तमान और भविष्य का संगम है। यह समाज की अक्षय और अमर शक्ति है। जिस जाति के पास जितना समृद्ध साहित्य है, वह जाति उतनी ही उन्नत और श्रेष्ठ है। इस तरह साहित्य समाज की कसौटी है। उसका मूल्यांकन ही साहित्यकार नव सृष्टि का प्रणेता है। इस कारण उसकी कर्मभूमि तथा उत्तरदायित्व महत्वपूर्ण है।

(कसौटी = Touchstone, मूल्यांकन = Evaluation, प्रणेता = Creator)

38. कृतज्ञता मानव के महत्वपूर्ण सद् गुणों में एक है। यह मानव की सज्जनता का भी निशान है। कृतज्ञता प्रकट करके हम अपने मददगारों को प्रसन्न कर सकते है। कृतघ्नता संसार का सबसे बड़ा पाप है। जन्म से मृत्यु तक मानव को दूसरों की सहायता की आवश्यकता होती है। दूसरों की सहायता के बिना हम जीवित नहीं रह सकते। अतः आवश्यकता के अनुसार एक दूसरे की सहायता करना सब का नैतिक कर्तव्य है। हमारी मदद करनेवालों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करना हमारा कर्तव्य है।

(कृतज्ञता = Gratitude, प्रसन्न करना = To please, नैतिक कर्तव्य = Moral responsibility)

(6 × 4 = 24 Marks)

IV. निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।

39. संत काव्य परंपरा में कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।

40. किसी के कविता का महत्व समझाइए।

41. विद्यापति की भाव समृद्धता उनकी विशेषताओं पर विचार कीजिए।

42. आज के संदर्भ में पद्य बद्ध कविता की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

43. सूरदास की काव्य कला का परिचय दीजिए।

44. रामचरितमानस का किस चौपाई से हमारा जीवन कैसे प्रभावित हुआ है?

(2 × 15 = 30 Marks)